रहेगा साथ तेरे साँवरिया | by Vikas Vijayvargia

खाटू जाकर के देख हर काम बनेगा
तेरी हर मुश्किल विपदा मेरा श्याम हरेगा
रहेगा साथ तेरे सांवरिया
चलेगा साथ तेरे सांवरिया
खाटू जाकर के देख ....

मतलब की दुनिया में बस यही अपना
सच कर देगा बाबा तेरा हर सपना
जब भी बुलाएगा ये दौड़ा आएगा
हर मुश्किल में तेरा साथ निभाएगा
साथ निभाएगा..........
तेरे मन की हर एक बात मेरा श्याम सुनेगा
उसे सुनकर दिल खुश हो वही बात कहेगा
रहेगा साथ तेरे सांवरिया
चलेगा साथ तेरे सांवरिया
खाटू जाकर के देख ....

जब जब श्याम को तेरी याद सताएगी
तुझसे मिलने की इच्छा बढ़ जायेगी
खुद सांवरिया तुझको खाटू बुलाएगा
कुछ अपनी कुछ तेरे दिल की बताएगा
बात बताएगा............
इसे दिल में बसाकर देख, दिलदार बनेगा
अपनों से बढ़के तुझे यहाँ प्यार मिलेगा
रहेगा साथ तेरे सांवरिया
चलेगा साथ तेरे सांवरिया
खाटू जाकर के देख ....

स्वर्ग से सुन्दर खाटू का नज़ारा है
हर प्रेमी यहाँ श्याम का दुलारा है
श्याम का जादू जबसे विकास पे चढ़ने लगा
मन का पंछी झूम उठा दिल कहने लगा
दिल ये कहने लगा............
जब श्याम कृपा का रंग तुझपे चढ़ने लगेगा
हर प्रेमी से मिलकर यही बात तू कहेगा
रहेगा साथ तेरे सांवरिया
चलेगा साथ तेरे सांवरिया
खाटू जाकर के देख ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-vikas-vijay/